## खण्ड (क)

प्रश्न 1- (क) संधि विच्छेद करो - (any 2) (2)

अन्वेषण, सूर्योदय, देव्यर्पण

(ख) किन्ही दो की संधि करो - (2)

मद + उन्मत, उत् + लेख, मातृ + अनुमति

प्रश्न 2- (क) दो का विग्रह कर समास का भेद लिखें. (2)

चक्रपाणि, सिंहवाहिनी, अंधकूप

(ख) दो का समस्तपद लिखकर भेद लिखें - (2)

सात सौ दोहों का समूह, रुप रुपी सुधा

चार वर्णो का समाहार

प्रश्न 3- निर्देशानुसार परिवर्तित करें -

(क) अनुज, पंडित (लिंग बदलो) (1)

(ख) अध्यापक, विधि (वचन बदलो) (1)

(ग) मैं <u>कल से</u> पढ़ना शुरू करूंगा। (कारक) (1)

प्रश्न 4- वाच्य परिवर्तन कीजिए - (2)

1- मोहन से दूध नहीं पिया जा रहा।

2- पत्र लिखा जाता है।

प्रश्न 5- निर्देशानुसार परिवर्तन कीजिए -

1- मैंने मोहन को समझाया परन्तु उसने कोई उत्तर न दिया। (रचना के आधार पर भेद बताएं) (1)

2- सम्भवत: वर्षा हो जाए। (अर्थ के आधार पर भेद लिखें) (1)

3- सरल वाक्य में संश्लेषण करें - (1)

घंटी बजी। छात्र कक्षा से बाहर निकले। उन्होनें अपनी पुस्तक उठाई।

4- मोहन का भाई आया था। (उद्देश्य विधेय छाँटे) (1)

5- आश्रित उपवाक्य छाँटकर भेद लिखें - (1)

उतना खाओ जितना हजम कर सको।

6- ओह! कितना भयानक भूचाल था। (विधानार्थक वाक्य में बदलें।) (1)

प्रश्न 6- (क) वाक्यों को शुद्ध करो - (2)

1- आजकल दोस्त सच्चे बहुत कम मिलते हैं।

2- यह एक इतिहासिक घटना है।

(ख) अव्यय छाँट कर भेद लिखो - (1)

हमारा स्कूल नदी के पास है।

प्रश्न 7- (क) उचित विराम चिह्न लगाएं। (2)

मोहन ने कहा उसने उमेश को देखा ही नहीं तो वह उसके बारे में क्या बता सकता है।

और अचल फोड़कर चल में, ऐसा शक्तिपूर्ण तन दो।
स्थान न क्यों नीचे ही पावें, पर तप में ऊपर चढ़ जावें,
गिरकर भी क्षिति को सरसावें, ऐसा सत्साहस-धन दो।

(i) कवि भगवान से जल के समान जीवन और मन क्यों माँग रहा है? (1)
(ii) कवि भगवान से किस प्रकार का 'शक्तिपूर्ण तन' देने की विनती कर रहा है और क्यों? (1)
(iii) कवि ऊपर चढ़ने के लिए किस बात का सहारा लेने की बात कर रहा है, और क्यों? (1)
(iv) सत्साहस-धन से कवि का क्या अभिप्राय है? (1)

## खण्ड 'घ'

प्रश्न 9- निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो:-

भगवान रामकृष्ण बरसों योग्य शिष्य को पाने के लिए प्रार्थना करते रहे। उनके जैसे योग्य व्यक्ति को भी उत्तम शिष्य के लिए रो-रोकर प्रार्थना करनी पड़ी थी। इसी से समझा जा सकता है कि एक गुरु के लिए उत्तम शिष्य कितना महँगा और महत्वपूर्ण है।

(i) पाठ और लेखक का नाम लिखिए। (2)
(ii) भगवान कृष्ण बरसों क्या प्रार्थना करते रहे? (2)
(iii) एक आदर्श गुरु के लिए शिष्य का क्या महत्त्व है? (2)

अथवा

पर मेरी असली परीक्षा अब थी। जो दायित्व मुझे सौंपा गया था, उसके लिए मैं सक्षम हूँ, इसको लेकर गहरे संदेह मेरे भीतर थे। मेरी सबसे बड़ी सीमा तो यह थी कि उस तनाव के इतिहास और उसकी पृष्ठभूमि से बिल्कुल अपरिचित था। पर मेरे सौभाग्य से उस गाँव के प्रधान एक वृद्ध मुसलमान थे, जो पेशे से डॉक्टर थे और जिनकी शिक्षा-दीक्षा कश्मीर में हुई थी।

(i) लेखक और पाठ का नाम लिखो।
(ii) लेखक के भीतर गहरे संदेह क्यों थे?
(iii) वृद्ध मुसलमान के बारे में दो वाक्य लिखिए।

प्रश्न 10- 'मनुष्य का भविष्य' पाठ के माध्यम से लेखक क्या स्पष्ट करना चाहता है? (6)

अथवा

आज परिस्थितियाँ क्यों बदल गई हैं? उन्होंने शिक्षा के स्वरूप पर क्या प्रभाव डाला है?

प्रश्न 11- निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

(i) मार्ग में हिमालय के अड़ने, डरावनी लहरों के थपेड़े मारने, नाविकों के सो जाने से क्या अभिप्राय है? (स्वराज्य की नींव, पाठ के आधार पर लिखो) (4)

(iii) जब आखिरी बार रमा बेटू को मुंबई ले गई तो बूढ़ी अम्मा ने भगवान से क्या मनौती माँगी?

प्रश्न 17 - 'प्रतिशोध' कहानी के शीर्षक की सार्थकता सिद्ध कीजिए (5)

अथवा

पहली रात हत्यारे बिना काम किए क्यों लौट आए?

प्रश्न 18 - 'वारिस' कहानी के लेखक की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। (4)

अथवा

जमीन के नीचे घर कैसे और क्यों बसाए गए थे? छोटू के पापा के तर्क की विवेचना कीजिए।

—— x —— x —— x —— x ——